## खबर संक्षेप

### आबकारी विभाग ने 102 पाव देशी मदिरा क जब्त

**कटनी।** जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर आबकारी विभाग द्वारा कार्रवाई का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में आबकारी वृत्त बड़वारा की टीम द्वारा ग्राम कोटेश्वर, थाना बरही क्षेत्र में दबिश दी गई। दबिश के दौरान पुरषोत्तम यादव के रिहायशी मकान के समक्ष विधिवत पंचनामा बनाकर तलाशी ली गई। तलाशी में 102 पाव देशी प्लेन मदिरा बरामद हुई, जिसे मौके पर ही जब्त कर लिया गया। इस प्रकरण में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) (क) के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। साथ ही संबंधित व्यक्ति को भविष्य में अवैध रूप से शराब विक्रय न करने की सख्त हिदायत दी गई। यह कार्रवाई आबकारी उपनिरीक्षक केशव उइके के नेतृत्व में की गई, जिसमें आबकारी आरक्षक किसन लाल बरदिया का योगदान रहा।

### पड़ोसियों के बीच खूनी संघर्ष, लाठी-डंडे चले

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पिपरिया परौहा में दो पड़ोसियों के बीच जमकर लाठी-डंडे चल गए। इस खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों के लोग घायल हुए हैं, जिनकी शिकायत पर कुठला पुलिस ने काउंटर मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, पहले पक्ष से धान बाई रजक पति बसंतलाल, 52 वर्ष ने शिकायत दर्ज कराई कि 11 जून की सुबह करीब 8 बजे उनके घर के सामने रहने वाली लक्ष्मी बाई रजक और आनंद रजक ने एक राय होकर गाली-गलौज की और लाठी से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। वहीं, इसके जवाब में दूसरे पक्ष की लक्ष्मी बाई रजक पति संतोष 35 वर्ष ने पुलिस को बताया कि धान बाई, राहुल रजक और विनय रजक ने उनके घर में घुसकर गाली-गलौज की और जानलेवा हमला कर दिया। इस मारपीट में आनंद और लक्ष्मी बाई को गंभीर चोटें आई हैं। कुठला पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

### नवागत एएसपी कमल मौर्य ने संभाला कार्यभार

**कटनी।** नवागत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य ने शुक्रवार को अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। वर्ष 2001 बैच के अधिकारी श्री मौर्य का हाल ही में मुरैना से कटनी स्थानांतरण किया गया है। श्री मौर्य के कार्यभार ग्रहण करने के साथ ही पुलिस प्रशासन को उनके लंबे अनुभव और प्रशासनिक दक्षता का लाभ मिलेगा। पुलिस विभाग में उनकी पहचान एक अनुशासित, कुशल एवं प्रभावी अधिकारी के रूप में रही है। उनके कटनी आगमन से कानून व्यवस्था और पुलिस कार्यप्रणाली को और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### बाकल क्षेत्र में मां व बेटी से लखापतेरी में युवक से की गई मारपीट

**कटनी।** माधवनगर और बाकल थाना क्षेत्रों में मारपीट के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं, जहां आरोपियों ने घेरकर पीड़ितों की पिटाई कर दी। माधवनगर थाना अंतर्गत लखापतेरी स्थित फार्म हाउस पर रहने वाले भोला राम कुशवाहा 35 वर्ष पर गांव के ही धर्मेंद्र और गोविंदा ने हमला कर दिया। 11 जून की दोपहर करीब 1:30 बजे आरोपियों ने एक राय होकर भोला राम को रोका, गालियां दीं और जमकर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर माधवनगर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। इसी तरह बाकल थाना क्षेत्र के ग्राम चनपुरा में घर के बाहर आंगन में बैठी एक महिला और उसकी बेटी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। रंची बाई चौधरी 47 वर्ष ने पुलिस को बताया कि गांव की ही चमेली बाई और मीना चौधरी उनके आंगन में घुस आईं और पुरानी बात को लेकर गाली-गलौज करते हुए रंची बाई और उसकी बेटी सुकमारी की बेरहमी से पिटाई कर दी। बाकल पुलिस ने आरोपियों पर अपराध दर्ज किया है।

---

### प्रभारी कलेक्टर ने की वर्षा पूर्व तैयारियों की समीक्षा, सतर्कता एवं आपसी समन्वय से कार्य करने की दी हिदायत

# मानसून अलर्ट: बाढ़ एवं अतिवृष्टि से निपटने रखें तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

बारिश के मौसम के मद्देनजर संभावित बाढ़-आपदा के परिप्रेक्ष्य में आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी विभाग और अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करें। नागरिकों के हित में प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी संवेदनशील और सजग होकर दायित्व निभायें। सभी समय पर फोन उठाएं, रिस्पांस टाइम फास्ट होना चाहिए। ताकि किसी जरूरतमंद को समय पर मदद पहुंचाई जा सके। प्रभारी कलेक्टर सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने यह निर्देश शुक्रवार को यहां कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अतिवृष्टि एवं बाढ़ से निपटने के लिए किये गये इंतजामों की समीक्षा के दौरान दिए।

बैठक में वनमंडलाधिकारी गर्वित गंगवार, डिप्टी कलेक्टर विंकी सिंहमारे उइके और सभी एसडीएम सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहे।



#### 24 घंटे सक्रिय रहे कंट्रोल रूम

प्रभारी कलेक्टर ने बैठक में निर्देशित किया कि जिला स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम के साथ-साथ विकासखंड स्तर और नगर निगम में बनाये गये कंट्रोल रूम 15 जून से चौबीसों घंटे सक्रिय रहें। ताकि रात में भी किसी स्थान विशेष में जलप्लावन की स्थिति निर्मित होने पर तत्काल राहत एवं बचाव कार्य किया जा सके। प्रभारी कलेक्टर ने कहा कि कम से कम रिस्पांस टाइम में मौके पर पहुंच कर राहत पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आपदा की किसी भी प्रकार की सूचना मिलते हीं सबसे पहले जिला कंट्रोल रूम और आपदा प्रबंधन ग्रुप को सूचित करना सुनिश्चित करें।

#### सभी व्यवस्थाएं रखें दुरूस्त

प्रभारी कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देशित करते हुये कहा कि पुलिस एवं होमगार्ड सहित संबंद्ध विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर व्यवस्थाओं को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप चुस्त-दुरूस्त रखें। उन्होंने निर्देशित किया कि निचले इलाकों और जहां पिछले वर्ष जलभराव हुआ था, पूर्व के उन हालातों के अनुभवों के आधार पर वहां राशन और उर्वरक की दुकानें न हों। राशन, खाद और शासकीय डबल लॉक केन्द्र तथा समितियों को ऐसे स्थानों में शिफ्ट किया जाये, जहां पानी न भरे ताकि किसी भी प्रकार की सामग्री खराब न हो।

#### खतरनाक खदानों को करें चिन्हित

प्रभारी कलेक्टर ने जिला खनिज अधिकारी रत्नेश दीक्षित को निर्देशित किया कि वे पानी भरने वाली और खतरनाक स्वरूप की खदानों का स्थल भ्रमण कर उनका चिन्हांकन करें। इनकी बैरीकेटिंग हो और सूचना पटल लगवाएं। ताकि इन खदानों में किसी भी प्रकार की दुर्घटना से जन और पशु हानि न हो।

#### सर्पदंश के मामलों में रहे संवेदशील

समीक्षा के दौरान प्रभारी कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि सर्पदंश के मामलों में पूरी संवेदनशीलता बरतें। अस्पतालों में एंटी वेनम इंजेक्शन की पर्याप्त उपलब्धता हो। सर्प मित्रों की मोबाइल नंबर सहित सूची पुलिस थानों में भी मौजूद रहे। साथ ही उन्होने नगर निगम और पीएचई विभाग को निर्देशित करते हुये कहा कि सभी हैंडपंपों का क्लोरीनाईजेशन कराना सुनिश्चित करें ताकि दूषित पानी पीने से कोई भी व्यक्ति बीमार न पड़े। बाढ़ संभावित एवं दुर्गम क्षेत्रों में खाद्यान्न, पेयजल, जीवनरक्षक दवाइयों, पशु चिकित्सा सुविधाओं, चारा एवं भूसे की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को वर्षा जनित महामारी, डायरिया एवं अन्य संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए पूर्व तैयारी रखने, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा राहत एवं बचाव कार्यों के लिए चिकित्सकीय दलों का गठन करने को कहा गया। साथ ही संभावित राहत शिविरों के लिए स्थान चिन्हित कर उनकी सूची तैयार रखने और बचाव कार्यों में उपयोग होने वाली नाव, मोटरबोट, रबर बोट तथा अन्य उपकरणों की उपलब्धता एवं संचालन क्षमता का सत्यापन करने के निर्देश दिए गए।

#### जर्जर स्कूल व आंगनबाड़ी में न लगे कक्षायें

प्रभारी कलेक्टर ने नगर निगम सहित स्कूल शिक्षा विभाग, सभी एसडीएम, जनपद पंचायत सीईओ और लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि वे आपसी समन्वय से यह सुनिश्चित करें कि किसी भी जर्जर स्कूल व आंगनबाड़ी भवन में कक्षायें संचालित न हों। साथ ही चिन्हित जर्जर भवनों में कोई रहवासी न रहे। ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। उन्होंने अधिकारियों को दो टूक लहजे में निर्देशित किया कि चिन्हित जर्जर भवनों को खाली कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को इस प्रकार के सभी भवनों का पुर्नसर्वेक्षण और सत्यापन करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन भवन, सड़क आदि निचले इलाकों में जहां जलभराव होता है, वहां बैरिकेटिंग कराई जाये और संकेतक लगाये जायें। ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित न हो।

#### खुले बोरवेल को कराएं बंद

बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे जिले में सभी खुले बोरवेलों को बंद कराने की कार्यवाही करें। इसके साथ ही पेयजल आपूर्ति की पाइप लाइनों के लीकेज को सुधारने के निर्देश दिए।

#### बनाएं कुशल तैराकों की सूची

बैठक में निर्देशित किया गया कि जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के साथ-साथ सभी एसडीएम व विकासखंड स्तर पर कुशल तैराकों की सूची अद्यतन करें ताकि आवश्यकता पड़ने पर ये तैराक होम गार्ड सैनिकों के साथ मिलकर राहत व बचाव कार्य में सहभागी बन सकें।

---

## प्रदूषण नियमों के उल्लंघन पर उद्योग संचालन तत्काल बंद करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

जिले में नियम विरुद्ध संचालित औद्योगिक इकाइयों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने बड़ी कार्रवाई की है। पीरबाबा स्थित मेसर्स प्रेस्टीज व्हीकल प्रा.लि. द्वारा प्रदूषण नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर संस्था को तत्काल प्रभाव से उद्योग का संचालन बंद करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी सुधांशु तिवारी ने बताया कि संबंधित संस्था द्वारा जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम 1974 एवं वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम 1981 के तहत आवश्यक सम्मति का नवीनीकरण नहीं कराया गया था। जबकि किसी भी औद्योगिक इकाई के संचालन के लिए इन अधिनियमों के अंतर्गत बोर्ड से सम्मति एवं उसका नियमित नवीनीकरण अनिवार्य है।

निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि संस्था द्वारा अपशिष्ट जल शोधन संयंत्र (ईटीपी) स्थापित नहीं किया गया है। निर्देशों के बावजूद बिना उपचारित दूषित जल सीधे नालियों में छोड़ा जा रहा था, जिससे आसपास के क्षेत्र में जल प्रदूषण की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो रही थी। संस्थान में पर्यावरणीय अधिनियमों के अनुरूप प्रभावी जल प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था स्थापित नहीं की गई थी। यह स्थिति पर्यावरणीय अधिनियमों का स्पष्ट उल्लंघन है।

म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने संस्था को तत्काल प्रभाव से बंद करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड को संस्था का विद्युत कनेक्शन विच्छेदित करने तथा उद्योग विभाग को दी गई सभी शासकीय सुविधाएं तत्काल प्रभाव से बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश की अवहेलना पर कार्रवाई होगी।

### आवारा मवेशियों एवं श्वानों को भेजा गया गौशाला एवं एनिमल केयर सेंटर

**कटनी।** नगर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने, सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण करने तथा आवारा पशुओं को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम कटनी द्वारा एक अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत निगम के स्वास्थ्य विभाग दल द्वारा शहर में विचरण कर रहे आवारा गाय, बैल एवं श्वानों को सुरक्षित रूप से पकड़कर शासन द्वारा निर्धारित स्थलों पर पहुंचाया जा रहा है। अभियान के तहत गुरुवार को नगर के विभिन्न मुख्य मार्गों में निगम की हांका टीम के द्वारा अभियान चलाकर 9 नग घुमंतू मवेशियों को पकडनें की कार्यवाही के साथ ही कैलवारा रोड, रेल्वे कालोनी लाल ग्राउण्ड के पास, अशोक कॉलोनी ओव्हर ब्रिज के नीचे, रेल्वे स्टेशन व्हीआईपी रोड आदि स्थलों में अभियान चलाकर 5 नगर आवारा श्वानों को पकडकर वाहन के माध्यम से एबीसी सेंटर भेजनें का कार्य किया गया। आवारा श्वानों को एनिमल बर्थ कंट्रोलश नियमों के अंतर्गत पकड़कर निर्धारित श्एनिमल केयर सेंटरश में भेजा जा रहा है, जहां उनका टीकाकरण, बधियाकरण एवं उपचार कर स्वस्थ होने पर पुनः छोड़ने की कार्यवाही की जा रही है।

## निर्माण इकाइयों से फैल रहा प्रदूषण, विधायक ने पत्र लिख जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर जनपद पंचायत बड़वारा क्षेत्र में संचालित टायर आधारित ईंधन एवं तेल निर्माण इकाइयों से फैल रहे कथित पर्यावरण प्रदूषण की उच्च स्तरीय जांच एवं आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

विधायक द्वारा भेजे गए पत्र में कहा गया है कि बड़वारा जनपद क्षेत्र में संचालित विभिन्न इकाइयों में पुराने टायरों को जलाकर तेल निकाला जा रहा है, जिससे वायु प्रदूषण, दुर्गंध, धुएं तथा अन्य पर्यावरणीय समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं।उन्होंने आरोप लगाया कि इन गतिविधियों का स्थानीय ग्रामीणों के स्वास्थ्य और कृषि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है तथा क्षेत्र के लोगों को पर्यावरणीय दुष्प्रभावों का सामना करना पड़ रहा है। पत्र में मुख्यमंत्री से अनुरोध किया गया है कि संबंधित इकाइयों की पर्यावरणीय स्वीकृतियों, प्रदूषण नियंत्रण मानकों के पालन तथा संचालन की वैधानिक स्थिति की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। साथ ही यदि जांच में नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित इकाइयों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि क्षेत्र के पर्यावरण और जनस्वास्थ्य की रक्षा हो सके।

विधायक ने पत्र के साथ बड़वारा क्षेत्र में संचालित 12 कंपनियों की सूची भी संलग्न की है। इनमें एसएसआर एनर्जी, श्रीराम फ्यूल इंडस्ट्रीज, अहिंसा लुब्रिकेंट्स, श्रीनाथ फ्यूल, गुणसागर प्रो फ्यूल, श्रीश्याम प्रो फ्यूल, एसआरएम कार्ब फ्यूल्स, सदाशिव फ्यूल कंपनी, विहान फ्यूल, एसआरएमएस फ्यूल कंपनी, खंडेल माता जी एनर्जी एंड फ्यूल तथा गजलक्ष्मी इंडस्ट्रीज सहित अन्य इकाइयों के नाम शामिल हैं। विधायक ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और आमजन के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।

## तकनीकी खामी से सड़क में बह रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उमरियापान

जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत सिमरिया के आश्रित ग्राम खिरवा में नल-जल योजना की बदहाल व्यवस्था से ग्रामीण परेशान हैं। तकनीकी खराबी के कारण पानी की टंकी से सप्लाई के दौरान बड़ी मात्रा में पानी लीकेज होकर सड़कों पर बह रहा है, जबकि गांव के कई परिवारों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी और संबंधित ठेकेदार समस्या के समाधान की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

ग्रामीणों के अनुसार नल-जल योजना के तहत खिरवा गांव में लगभग एक वर्ष पूर्व पानी की टंकी का निर्माण कराया गया था। करीब चार माह पहले टंकी से जलापूर्ति शुरू हुई, लेकिन शुरूआत से ही



तकनीकी खामियां सामने आने लगीं। पाइप लाइन और वाल्व (चाबी) के पास खराबी होने से पानी लगातार रिसकर व्यर्थ बह रहा है। परिणामस्वरूप बड़ी मात्रा में पानी बर्बाद हो जाता है और गांव के कई घरों तक पानी नहीं पहुंच पाता। ग्रामीणों ने बताया कि टंकी में रात के समय पानी भरा जाता है तथा सप्लाई के दौरान आधे से अधिक पानी लीकेज में नष्ट हो जाता है। इससे केवल कुछ लोगों को ही पानी मिल पाता है, जबकि शेष ग्रामीणों को गर्मी के मौसम में पेयजल के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि कई बार समस्या से अवगत कराने के बाद भी मरम्मत कार्य नहीं कराया गया, जिससे जलापूर्ति व्यवस्था प्रभावित हो गई है।भुगतान नहीं मिलने से परेशान जलापूर्ति कर्मीः- खिरवा गांव में पानी सप्लाई का कार्य करने वाले छोटेलाल बागरी ने बताया कि ठेकेदार द्वारा उन्हें प्रतिमाह 4,500 रुपये मानदेय पर रखा गया था, लेकिन अब तक केवल 3,000 रुपये ही दिए गए हैं। वहीं पिछले दो माह से किसी प्रकार का भुगतान नहीं किया गया है।

#### इनका कहना है

इस संबंध में ग्राम पंचायत सिमरिया सचिव राजेश पटेल का कहना है कि पानी सप्लाई में क्या समस्या आ रही है। इसकी जानकारी लेकर सुधार कराया जाएगा।

### खरीफ सीजन की तैयारियों की समीक्षा कर दिये दिशा निर्देश

## जिपं सीईओ ने कहा किसानों को खाद व बीज की उपलब्धता सुगमता से कराएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

रबी एवं खरीफ 2026-27 फसलों के उत्पादन,कार्यक्रमों और गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर की अध्यक्षता में कृषि उत्पादन समिति (एपीसी) बिंदुओं पर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। समीक्षा बैठक में आत्मा, पशु चिकित्सा सेवाएं, उद्यान, सहकारिता, मत्स्य, विपणन, एमपी एग्रो, कृषि उपज मंडी समिति, बीज निगम और लीड बैंक के अधिकारी मौजूद रहे। समीक्षा करते हुए सुश्री कौर ने खरीफ वर्ष 2026 की तैयारी हेतु प्रमुख खरीफ फसलों के प्रस्तावित क्षेत्रआच्छादन, उत्पादन और उत्पादकता की जानकारी ली। कृषि विभाग के अधिकारियों ने धान की तुलना में लघुधान्य फसलों दलहन एवं तिलहन क्षेत्र विस्तार हेतु तैयार की गई कार्य योजना से अवगत कराया। जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष उर्वरक की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए जानकारी ली।

उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि कृषकों का हित सर्वोपरि है, उन्हें किसी प्रकार की समस्या ना हो इस बात को ध्यान में रखते हुए किसानों को सुगमतापूर्वक की ई विकास उर्वरक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद वितरण सुनिश्चित कराएं। सुश्री कौर ने जिले के डबल लॉक केंद्रों, मार्केटिंग सोसायटी, एमपी एग्रो पेक्स में उर्वरक खाद के पर्याप्त भंडारण के निर्देश समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिए। इस दौरान कृषि विभाग से अरुणिमा सेन एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

#### आधुनिक यंत्रों और तकनीक का प्रयोग कर बढ़ाएं उत्पादन

जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने आधुनिक तकनीक से नरवाई प्रबंधन हेतु तैयार किए हुए कृषि यंत्रों सीडर,हैप्पीसीडर , रोपर कम कंबाइडर, स्ट्रा रीपर आदि का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने और उठाव करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

#### निरीक्षण कर करें सघन जांच

जिला पंचायत सीईओ ने बीज एवं खाद की गुणवत्ता और पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु अभियान चलाकर निजी विक्रेताओ की दुकानों का निरीक्षण कर सघन जांच करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने यह भी कहा कि खरीफ फसलों का प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत ऋणी कृषकों का सदृश्य फसल बीमा करने के साथ-साथ अन्य कृषक जो ऋणी नहीं है, उनका भी फसल बीमा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

सुश्री कौर ने खरीफ फसलों हेतु बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु पेक्स के माध्यम से भंडारण करते हुए कृषकों को बीज वितरण कराने उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### विधायक बड़वारा ने किया हितलाभ वितरण, सुनी आम जन की समस्याएं

## जनकल्याण शिविर में नागरिकों की समस्याओं का मौके पर ही हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

सामुदायिक भवन बड़वारा में शुक्रवार को जनकल्याण शिविर का आयोजन हुआ जो 15 जून तक चलेगा। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत सीईओ एवं ग्रामीण क्षेत्रों की जनकल्याण शिविर की नोडल अधिकारी सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने चिन्हित ग्राम पंचायतों में पर्याप्त प्रचार प्रसार करते हुए आवश्यक तैयारियों और व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराते हुए जनकल्याण शिविर आयोजित किए जाने के निर्देश समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए हैं। जनकल्याण शिविर में क्षेत्रीय विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक



अधिकारियों की मौजूदगी में दीप प्रज्वलन और कन्या पूजन कर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी एवं स्टाल लगाए जाकर जनकल्याणकारी योजनाओं ,कार्यक्रमों को प्रदर्शित किया गया। स्टॉल एवं प्रदर्शनी का निरीक्षण विधायक बड़वारा श्री सिंह ने किया। जनजातीय विभाग द्वारा संचालित हॉस्टल की छात्राओं द्वारा लोक नृत्य की मनमोहक और मंत्र मुग्ध कर देने वाली प्रस्तुति दी गई।

इस दौरान विधायक ने आम जनों की समस्याओं को सुना एवं तत्परता पूर्वक निराकरण हेतु उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए।

जनपद पंचायत बड़वारा की मुख्य कार्य पालन अधिकारी सुश्री प्रभा तेकाम ने बताया कि आयोजित जन कल्याण शिविर में स्वास्थ्य, राजस्व, पंचायत, शिक्षा, विद्युत और जल संसाधन के कुल मिलाकर 184 आवेदन पत्रों पर निराकरण की करते हुए मौके पर ही नागरिकों को लाभान्वित कराया गया। विधायक श्री सिंह द्वारा केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को मुख्यमंत्री संबल योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना और प्रसूति सहायता के हितग्राहियों को स्वीकृति आदेश एवं के हित लाभ वितरण किया। शिक्षा विभाग द्वारा अध्यनरत छात्र छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। विधायक श्री सिंह द्वारा सामुदायिक भवन मझगवां, धनवारा और लखाखेरा का लोकार्पण किया गया। जनपद सीईओ सुश्री तेकाम ने बताया कि शिविर में अभी आवेदक आवेदन दे रहे हैं। इसलिए आवेदन पत्रों की संख्या बढ़ सकती है।

जन कल्याण शिविर में अनुभागीय अधिकारी राजस्व प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, मंडल अध्यक्ष बड़वारा और विलायत कला क्रमशः अनुराग गुप्ता और अजय सोनी, जनपद उपाध्यक्ष रामसेवक दुबे, पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र जायसवाल, हर्ष द्विवेदी, केतन गर्ग, तहसीलदार, शिक्षा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, महिला बाल विकास और अन्य विभागों के खंड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## जेवरात एवं नकदी किया पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

बहोरीबंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम डिहुटा में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। अज्ञात चोर ने देर रात घर की दीवार में सेंध लगाकर भीतर प्रवेश किया और सोने-चांदी के जेवरातों समेत नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम डिहुटा निवासी दिलीप कुमार चौधरी 19 वर्ष के घर पर बीते 11 जून की दरमियानी रात चोरों ने धावा बोला। वारदात रात करीब 2:00 बजे से सुबह 5:00 बजे के बीच की बताई जा रही है, जब परिवार के लोग सो रहे थे। अज्ञात शातिर चोर ने सूनापन पाकर घर की दीवार में सेंध लगाई और भीतर दाखिल हो गया।

चोरों ने अलमारी और बक्से खंगालकर घर में रखे कीमती सामान को पार कर दिया। पीड़ित के मुताबिक, चोर अपने साथ निम्नलिखित सामान बटोर ले गए। एक ओप्पो कंपनी का मोबाइल, सोने की झुमकी, सोने की पंचाली, संतान साते की 03 चांदी की चूड़ियां, 4,000 नगद पार कर दिया। चोरी गए कुल मशरूके की कीमत करीब 20,000 रुपये आंकी गई है। सुबह जब परिजनों की आंख खुली, तो घर का सामान बिखरा और दीवार में सुराख देख उनके होश उड़ गए। फरियादी दिलीप कुमार चौधरी की रिपोर्ट पर बहोरीबंद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस क्षेत्र के पुराने बदमाशों और संदिग्धों से पूछताछ कर चोर की सुराग में जुट गई है।

खबर संक्षेप

## तकनीकी दक्षता में वृद्धि हेतु प्रशिक्षण का आयोजन 15 को

**कटनी।** ग्रामीण नागरिकों को नियमित,पर्याप्त और शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु ग्रामीण जल प्रदाय योजनाओं के सुदृढ़ और व्यवस्थित संचालन हेतु तकनीकी अधिकारियों को सोमवार, 15 जून को एक दिवसीय प्रशिक्षण जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर के निर्देश पर आयोजित किया गया है। जिला पंचायत सीईओ के निर्देश पर ग्रामीण जल प्रदाय योजनाओं के बल्क ग्रामों की योजनाओं के संचालन एवं संधारण हेतु तकनीकी दक्षता में वृद्धि हेतु जिला पंचायत के सभा कक्ष में दोपहर 2 बजे से समस्त जनपद पंचायतों के सहायक यंत्री और उपयंत्रियों को नियत दिनांक, समय और स्थान पर उपस्थित होने को कहा गया है। जनपद पंचायत कटनी के सहायक यंत्री अभिषेक त्रिपाठी मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण प्रदाय किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा एकल ग्रामीण जल प्रदाय योजनाओं तथा मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित द्वारा समूह ग्रामीण जल प्रदाय योजनाओं का निर्माण कार्य जल जीवन मिशन अंतर्गत भू-जल एवं सतही जल स्रोतों के माध्यम से किया जा रहा है।

## शहर के विकास और सौंदर्यीकरण कार्यों पर भी विशेष जोर

**कटनी।** महापौर श्रीमति प्रीति सूरी ने शहर में संचालित विभिन्न अधोसंरचनात्मक एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने बस स्टैंड क्षेत्र में क्षतिग्रस्त एवं झुके हुए डिवाइडरों के सुधार कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही प्रमुख मार्गों के उन्नयन, सड़क चौड़ीकरण, सार्वजनिक स्थलों के सौंदर्यीकरण एवं अन्य विकास कार्यों की प्रगति पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को कार्यों में आपेक्षिक गति लाने के निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि विकास कार्यों का उद्देश्य केवल निर्माण करना नहीं, बल्कि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं, सुगम आवागमन और स्वच्छ एवं व्यवस्थित शहरी वातावरण उपलब्ध कराना है। इसलिए सभी परियोजनाओं में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए।

## अवैध रेत परिवहन पर ट्रैक्टर-ट्रॉली किया जब्त

**कटनी।** रेत के अवैध परिवहन पर विजयराघवगढ़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रेत से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन एवं एसडीओपी विजयराघवगढ़ वीरेंद्र धार्वे के मार्गदर्शन में की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम खेरवा घाट के पास एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में अवैध रूप से रेत का परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी अभिषेक चौबे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच के दौरान बिना नंबर की सोनालीका कंपनी की नीले रंग की ट्रैक्टर-ट्रॉली में रेत भरी पाई गई, जिसे पुलिस ने गवाहों की मौजूदगी में जब्त कर लिया। हालांकि चालक मौके से फरार हो गया।जब्त ट्रैक्टर-ट्रॉली को सुरक्षार्थ थाना परिसर में खड़ा कराया गया है। मामले में वाहन के विरुद्ध धारा 106 बीएनएसएस के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है। पुलिस फरार चालक की तलाश में जुटी हुई है।इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अभिषेक चौबे, उपनिरीक्षक शैलेंद्र सिंह, प्रधान आरक्षक मुकेश सिंह एवं आरक्षक पप्पू प्रजापति की विशेष भूमिका रही।

## शराब की अवैध बिक्री करने वालों पर कार्रवाई

**कटनी।** थाना स्लीमनाबाद पुलिस ने अवैध शराब विक्रय के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अनुविभागीय अधिकारी आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी सुदेश कुमार समन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए दिनेश कोल (भेड़ा), अभिषेक सोनकर (गुदरी), मंजा जयसवाल (पड़वार) और गजराज पटेल (बंधी) को अवैध रूप से शराब बेचते हुए पकड़ा। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### एनकेजे थाना क्षेत्र के गाताखेड़ा में हुई लूट के मामले में पुलिस ने की कार्यवाही

# शौक ने तीन दोस्तों को बनाया लुटेरा मोबाइल व बाइक लूटी, पहुंच गये जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

एनकेजे थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक के साथ लूटपाट की वारदात के मामले में पुलिस ने तीन आरोपितों को 24 घंटे के भीतर ही गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। लूटपाट की वारदात का मकसद भी हैरान करने वाला रहा। लूटपाट के तीनो आरोपित आपस में पक्के दोस्त हैं। अपने शौक पूरे करने लिये तीनों ने मिलकर लूट की वारदात को अंजाम दिया हालांकि तीनों की किस्मत ने साथ नहीं दिया। लूट से प्राप्त राशि से शौक पूरे करने के ख्वाब पूरे हो पाते इससे पहले ही तीनों पुलिस के शिकंजे में आ गये और अब तीनों दोस्त हवालात यात्रा कर रहे हैं।

पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपी गुलशन चौधरी, करन रैकवार और दीपांशु उर्फ सागर सेन आपस में गहरे दोस्त हैं। तीनों को अपने शौक पूरे करने के लिये पैसों की जरूरत थी। अपने शौक पूरे करने के लिये उन्होंने अपराध का शॉर्टकट चुना और आपस में मिलकर योजना बनाई कि वे रात के अंधेरे में किसी अकेले राहगीर को निशाना बनाएंगे। अपनी इसी योजना के तहत 11 जून 2026 को इन तीनों दोस्तों ने एन.के.जे. क्षेत्र के नर्मदा वेयरहाउस मोड़ पर जाल बिछाया। वहां से हीरापुर कौडिया निवासी अभिषेक रजक 23 वर्ष अपनी मोटरसाइकिल से अकेला गुजर रहा था। तीनों दोस्तों ने अपने गमछा बांधा और अभिषेक का रास्ता रोक लिया। उन्होंने अभिषेक के साथ मारपीट की और धारदार चाकू दिखाकर उसका का मोबाइल छीना और उसकी मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गए। लूट का शिकार युवक थाना पहुंचा और पुलिस को आपबीती सुनाई।



लूट की वारदात के बाद पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा एवं उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के निर्देशन में एन.के.जे. थाना पुलिस ने बदमाशों को पकड़ने के लिये प्रयास शुरू किये। साइबर सेल की तकनीकी मदद और मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सबसे पहले संदेही गुलशन चौधरी को दबोच लिया। पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो गुलशन ने सारी योजना बयां कर दी। उसने बताया कि अपने दो अन्य दोस्तों करन और दीपांशु के साथ मिलकर सिर्फ पैसों के लिए इस लूट को अंजाम दिया था। आरोपित की जानकारी के बाद पुलिस ने दबिश देकर बाकी दोनों दोस्तों को भी दबोच लिया।

पुलिस ने तीनों के पास से लूटी गई मोटर साइकिल व मोबाइल बरामद किया है। इसके अलावा वारदात में इस्तेमाल चाकू और आरोपियों की खुद की मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली है।

### इन तीनों की हुई गिरफ्तारी

पुलिस ने लूटकांड में जिन तीन दोस्तों को गिरफ्तार किया है उनमें गुलशन चौधरी पिता स्व. चुन्नी लाल चौधरी निवासी ग्राम गाताखेड़ा, करन रैकवार पिता अनूप रैकवार 20 साल निवासी ईश्वरी पुरा वार्ड, थाना कोतवाली एवं दिपांशु उर्फ दिपांश उर्फ सागर सेन पिता दीपक सेन 23 साल निवासी कैलवारा मोड़, शामिल है। तीनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय कटनी में पेश किया, जहाँ से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

## न्यायालय परिसर में पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा



व्यवहार न्यायालय ढीमरखेड़ा परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समाज को प्रकृति के संरक्षण का संदेश देना रहा। इस कार्यक्रम में व्यवहार न्यायालय ढीमरखेड़ा की न्यायाधीश पूर्वी तिवारी द्वारा न्यायालय परिसर में 10 पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन तथा जैव विविधता के संरक्षण के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम में बताया गया कि वर्तमान समय में पर्यावरण संकट और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियाँ पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय हैं। ऐसे में न्यायिक संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी समाज को सकारात्मक संदेश देने का कार्य करती है। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पर्यावरण संरक्षण को अपने प्रमुख उद्देश्यों में शामिल करते हुए न्यायालय परिसरों में पौधारोपण के निर्देश जारी किए गए हैं।

## कपड़ा व्यापारी पर जानलेवा हमला, आरोपित फरार

**कटनी।** रंगनाथ थाना क्षेत्र के पाठक वार्ड में एक कपड़ा व्यापारी पर उनके घर के ठीक बाहर जानलेवा चाकूबाजी की वारदात को अंजाम दिया गया। इस दुस्साहसिक हमले से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। जानकारी के अनुसार पाठक वार्ड निवासी 57 वर्षीय मोहम्मद हनीफ गुरुवार शाम करीब 5:30 बजे अपने गोदाम से काम समेटकर घर लौट रहे थे। वे जैसे ही अपने घर के समीप पहुंचे तभी कुणाल वंशकार ने उन पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। अचानक हुए इस जानलेवा हमले से मोहम्मद हनीफ लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े, जिन्हें आनन-फानन में गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उनका उपचार जारी है। घटना की खबर मिलते ही रंगनाथ थाना पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घटनास्थल का मुआयना कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस अब इस पूरे घटनाक्रम की कड़ियों को जोड़ रही है ताकि हमले की वास्तविक और सटीक वजह सामने आ सके। फिलहाल आरोपी वारदात के बाद से फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

### सड़क पर चेकिंग एवं सीसीटीवी कैमरों से भी जारी किये ई चालान

# 26 दिनों में एक हजार से अधिक काटे गये चालान, पांच लाख वसूला जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप सिंह के नेतृत्व में शहर के प्रमुख मार्गों और चौराहों पर सघन वाहन चेकिंग की गई। अभियान के दौरान ट्रिपल सवारी, मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाना, रेड लाइट जंप, नो पार्किंग, वन-वे उल्लंघन, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी निगरानी कर ई-चालान जारी किए।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 18 मई से 11 जून तक की गई कार्रवाई के दौरान नशे की हालत में वाहन संचालन – 9, बिना हेलमेट – 31, बिना नंबर प्लेट – 97, बिना सीट बेल्ट – 27, नो पार्किंग – 203, रेड लाइट जंप – 31, वन-वे उल्लंघन – 41, खतरनाक स्थिति में वाहन खड़ा करना – 31, ट्रिपल सवारी – 173, मोबाइल पर बात करते हुए वाहन संचालन – 161 अन्य प्रकरण – 204 इस अवधि में कुल 1008 चालान किए गए तथा 5 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया।



यातायात पुलिस ने नागरिकों से हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने तथा सभी यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है। पुलिस का कहना है कि सड़क सुरक्षा और सुगम यातायात व्यवस्था के लिए ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

### कुठला पुलिस ने की कार्रवाई

कुठला पुलिस ने इंदिरा नगर तिराहे पर विशेष सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी अखलेश दहिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नाकेबंदी कर वाहनों की जांच की और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की।अभियान के दौरान तेज रफ्तार वाहन चलाने, ट्रिपल राइडिंग करने तथा बिना नंबर प्लेट के वाहन संचालित करने वाले चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चलानी कार्रवाई की गई। पुलिस ने दर्जनों वाहनों की जांच कर नियम तोड़ने वालों पर जुर्माना लगाया।

## मेधावी छात्रों एवं अभिभावकों को किया सम्मानित




किड्स केयर ग्रुप ऑफ स्कूल के द्वारा कटनी जिले के प्राइवेट स्कूल, सरकारी स्कूल के 75% से उत्तीर्ण छात्रो का एव उनके अभिभावको का सम्मान किया गया। कटनी जिले के 17 स्कूल के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के 208 छात्रो का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा पचीसिया नगर एव विशिष्ट अतिथि मंजूषा गौतम मुस्कान फाऊंडेशन के चेयरपर्सन के हाथो से सम्पन्न हुआ। सर्व प्रथम मुख्य अतिथि एव डायरेक्टर ऐरावत आकाश हिन्दूजी, कात्यायनी जी के द्वारा मां सरस्वती की पूजा कर कार्यक्रम की शुरुवात हुई। स्कूल की छात्राओ के द्वारा बहुत ही सरस्वती वन्दना, नृत्य प्रस्तुत किया गया। स्वागत भाषण डायरेक्टर ऐरावत आकाश के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के द्वारा प्रेरणा दायक भाषण दिया गया। तत्पश्चात छात्रों एव अभिभावकों को तिलक लगाकर माला पहनाकर शील्ड और सर्टीफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित छात्र एवं अभिभावक, नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थित में सफलतापूर्वक समापन किया गया।

# गेहूं बेचने के बाद अब तक नहीं मिला भुगतान किसान समिति और बैंकों के लगा रहे चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र में किसानों से गेहूं खरीद के लिए स्थापित किए गए अलग अलग दर्जन से अधिक शासकीय उपार्जन केंद्रों पर गेहूं विक्रय करने के बाद भी अनेक किसानों को अब तक भुगतान प्राप्त नहीं हो सका है।भुगतान में हो रही देरी के कारण किसान अपने हक की राशि के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं। वहीं सरकार द्वारा गेहूं खरीदी के बाद 72 घंटे के भीतर किसानों के खातों में भुगतान करने का दावा भी सवालों के घेरे में नजर आ रहा है।

किसानों का कहना है कि गेहूं खरीदी का कार्य पूर्ण हो चुका है। अधिकांश किसानों के खातों में भुगतान भेजा जा चुका है, लेकिन क्षेत्र के सैकड़ों किसान ऐसे हैं जिनके खातों में अभी तक गेहूं विक्रय की राशि नहीं पहुंची है। किसान लगातार उपार्जन केंद्रों और संबंधित समितियों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें केवल जल्द भुगतान होने का आश्वासन दिया जा रहा है।किसानों ने बताया कि गेहूं की तुलाई हुए 15 से 20 दिन ही नहीं, बल्कि कई किसानों के एक माह से अधिक समय बीत चुका है, फिर भी भुगतान नहीं मिला है। किसानों को खरीफ सीजन की तैयारी के लिए खाद-बीज और अन्य कृषि सामग्री की व्यवस्था करनी है। मानसून भी नजदीक है, ऐसे में समय पर भुगतान नहीं मिलने से उनकी आर्थिक परेशानियां बढ़ गई हैं।

परेशान किसानों का कहना है कि वे रोजाना बैंक जाकर अपने खाते की जांच कर रहे हैं, लेकिन खाते में राशि जमा नहीं होने से निराशा हाथ लग रही है। किसानों का आरोप है कि समय पर भुगतान नहीं मिलने से उन्हें अनावश्यक मानसिक एवं आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बाजारों से लिया कर्ज और खरीदी गई सामाग्री का भुगतान भी दुकानदार किसानों से मांग रहा है, खाते में रुपये नहीं आने से किसानों को दुकानदार की सुननी पड़ती है।

किसानों ने संबंधित अधिकारियों से भुगतान सम्बंधी शिकायत की,लेकिन अधिकारियों ने भी सिर्फ आश्वाशन ही दिया है। किसानों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि लंबित भुगतान की समस्या का तत्काल समाधान कर सभी पात्र किसानों के खातों में शीघ्र राशि हस्तांतरित की जाए, ताकि वे आगामी फसल की तैयारियां समय पर कर सकें।

### स्वच्छ सर्वेक्षण के लिये निगम प्रशासन द्वारा जन जागरूकता के प्रयास

# 'डोर-टू-डोर मिशन', सोर्स सेग्रीगेशन से होम कम्पोस्टिंग तक दे रहे व्यावहारिक प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्वच्छ सर्वेक्षण-2025-26 में 'गार्बेज फ्री सिटी' की श्रेणी प्राप्त करने के लक्ष्य को साधने हेतु नगर पालिक निगम कटनी द्वारा चलाया जा रहा स्वच्छता जागरूकता अभियान अब जमीनी स्तर पर जन-आंदोलन का रूप ले चुका है। निगम प्रशासन एवं सहयोगी संस्था विज़न' के सदस्यों द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर 'कचरा प्रबंधन' को 'आदत प्रबंधन' में बदलने का सघन प्रयास किया जा रहा है।

वार्ड क्र. 21, डॉ. अम्बेडकर वार्ड से विधिवत शुरुआत की गई। यहां वार्ड पार्षद श्री संतोष शुक्ला ने न केवल स्वच्छता व्यवस्था पर अपना महत्वपूर्ण फीडबैक दिया, बल्कि नागरिकों से संवाद कर उन्हें कचरा पृथक्करण हेतु प्रेरित भी किया। शासन का मत स्पष्ट है कि जब जन-प्रतिनिधि स्वयं स्वच्छता के ब्रांड एंबेसडर बनेंगे, तभी नागरिकों में स्थायी व्यवहार परिवर्तन आएगा।

अभियान के तहत डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड में पार्षद निवास के समीप आयोजित जनजागरूकता चौपाल में रहवासियों को 'सोर्स सेग्रीगेशन' का व्यावहारिक पाठ पढ़ाया गया। ओम साईं विज़न की टीम ने 4 बिन प्रणाली का लाइव डेमो देकर समझाया कि हरा बिन रसोई का गीला कचरा - सब्जी-फल के छिलके नीला बिन सूखा कचरा - कागज, प्लास्टिक, धातु , लाल बिन सेनेटरी वेस्ट - डायपर, सेनेटरी पैड के लिए तथा काला बिन हानिकारक कचरा - बैटरी, दवा, ट्यूबलाइट आदि के लिए प्रयोग करें। टीम ने स्पष्ट किया कि यदि नागरिक घर से ही कचरा अलग-अलग कर निगम वाहन को देंगे, तो लैंडफिल पर बोझ घट जाएगा।



वार्ड क्र. 44, विश्राम बाबा वार्ड स्थित आर.एस. मेमोरियल स्कूल के आसपास के क्षेत्र में टीम ने घर-घर जाकर दस्तक दी। प्रत्येक परिवार को पृथक्करण का महत्व समझाते हुए 4 बिन के उपयोग की शपथ दिलाई गई। 'एक घर जागेगा, पूरा मोहल्ला चमकेगा' के नारे के साथ रहवासियों ने संकल्प लिया कि वे मिक्स कचरा नहीं देंगे। यह अभियान बताता है कि स्वच्छ सर्वेक्षण की लड़ाई सड़कों पर नहीं, घरों की रसोई से जीती जाएगी।

अभियान के दौरान वार्ड क्र. 28, नेहरू वार्ड में अभियान ने नवाचार का रूप लिया। यहां नागरिकों को 'होम कम्पोस्टिंग' का प्रशिक्षण दिया गया। टीम ने बताया कि कैसे मटके या बकेट में रसोई के गीले कचरे से 45 दिन में उच्च गुणवत्ता वाली जैविक खाद तैयार की जा सकती है।

### महापौर ने की लोक निर्माण विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा

# बच्चों के भविष्य से जुड़े कार्यों में बर्दाश्त नहीं होगी कोई लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों एवं शैक्षणिक अधोसंरचना की प्रगति की समीक्षा करते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने मंगलवार को निगम के लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की विस्तृत बैठक ली। बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क, भवन एवं अन्य निर्माण कार्यों के साथ बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना भी निगम की महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी न केवल नागरिक सुविधाओं को प्रभावित करती है, बल्कि शिक्षा एवं सामाजिक विकास की गति को भी बाधित करती है। उन्होंने सभी कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए।



समीक्षा के दौरान महापौर ने चौपाटी निर्माण कार्य, घंटाघर से जगन्नाथ चौक तक सड़क चौड़ीकरण, निर्माणाधीन ए. रविंद्रराव शाला भवन, स्वीकृत पुरवार शाला भवन सहित पूर्व में चिन्हित जर्जर शाला भवनों के मरम्मत कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। इसके साथ ही सिविल लाइन स्थित डॉ. प्रवीण वैश्य गली ,लखेरा रोड, गौरीशंकर मंदिर रोड, सरस्वती स्कूल रोड, आदर्श कॉलोनी से गर्ग चौराहा मार्ग, कैंप मुख्य बाजार से मुक्तिधाम मार्ग तथा प्रीतम राइस मिल क्षेत्र में झूलेलाल मंदिर दीवान सायकल से झूलेलाल मंदिर मार्ग कैंप तक डामरीकरण का प्रस्तावित एवं प्रगतिरत डामर सड़कों की भी विस्तृत समीक्षा की गई। महापौर ने प्रगतिरत कार्यों में गुणवत्ता एवं समय सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने विशेष रूप से स्कूल भवनों के निर्माण एवं मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों को सुरक्षित, सुविधायुक्त एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना नगर निगम की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक अधोसंरचना को सुदृढ़ करना भविष्य की पीढ़ी को बेहतर अवसर प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की सबसे मजबूत नींव होती है। बेहतर स्कूल भवन, सुरक्षित परिसर एवं आवश्यक मूलभूत सुविधाएं बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शाला भवनों के निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा वर्षा ऋतु से पूर्व सभी आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए। साथ ही सभी अधूरे निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा निर्धारित समयसीमा में उन्हें पूर्ण कर नागरिकों को शीघ्र लाभ उपलब्ध कराया जाए।

महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि शहर के विकास की गति बनाए रखने के लिए विभागीय समन्वय, जवाबदेही और सतत निगरानी अत्यंत आवश्यक है। विकास एवं शिक्षा, दोनों ही नगर के समग्र विकास के प्रमुख आधार हैं और इनसे जुड़े कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूर्ण किया जाए।

# 3 दिवसीय आधार कैंप, नागरिकों को मिलेगा आधार सेवाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र नागरिक तक पहुंचाने और आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 12 जून से 18 जून तक जिले के प्रत्येक विकासखंडों एवं नगरीय निकाय मुख्यालयों पर 3 दिवसीय "जनकल्याण शिविर" आयोजित किए जा रहे हैं। कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के निर्देश पर आयोजित इन शिविरों में विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ-साथ नागरिकों को आधार संबंधी सेवायें उपलब्ध कराने हेतु प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से आधार कैंप भी संचालित किए जाएंगे। सभी संबंधित आधार केंद्र संचालकों को निर्देश दिए हैं कि वे निर्धारित तिथियों पर शासकीय आधार मशीन एवं आवश्यक उपकरणों के साथ शिविर स्थल पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। आधार पंजीयन एवं अपडेशन का कार्य भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा निर्धारित शुल्क के अनुसार ही किया जाएगा।

### कहां कब लगेंगे शिविर

जनपद पंचायत बड़वारा के सामुदायिक भवन में 12 जून से 15 जून तक आधार शिविर आयोजित होगा। वहीं जनपद पंचायत रीठी और बहोरीबंद के जनपद पंचायत परिसर में 13 जून से 16 जून तक शिविर लगाए जाएंगे।

नगर परिषद बरही कार्यालय में 14 जून से 16 जून तक आधार कैंप संचालित रहेगा, जबकि नगर परिषद कैमोर कार्यालय में 15 जून से 17 जून और नगर निगम कटनी कार्यालय में 15 जून से 18 जून तक शिविर आयोजित किए जाएंगे।

**खास बातें**

## जनपद में आयोजित हुआ दिव्यांग शिविर एवं जन कल्याणकारी शिविर

**पन्ना।** विकासखंड शाहनगर में दिव्यांग जनों की सुविधा एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से दिव्यांग शिविर एवं जनकल्याणकारी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन एवं हितग्राही शामिल हुए। दिव्यांग शिविर के दौरान दिव्यांगजनों के आवेदन पत्र भरवाए गए तथा पात्र हितग्राहियों को कृत्रिम अंग एवं प्रोस्थेटिक लेग उपलब्ध कराए गए। वहीं पंजीयन भी कराए गए जिसमें दिव्यांगजनों को आगामी चरण में उपयोगी सहायक उपकरण एवं ट्राइसाइकिल का वितरण किया जाएगा। इसी क्रम में जनपद पंचायत सभाकक्ष में आयोजित जन कल्याणकारी शिविर के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा संचालित शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई।

## अजयगढ़ रेस्ट हाउस के रहस्यमयी कुएं में आधी

**पन्ना।** अजयगढ़ रेस्ट हाउस कुआं इन दिनों रहस्य और चर्चाओं का केंद्र बना हुआ है। नगर परिषद द्वारा कराए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्य के बीच स्थानीय लोगों में यह चर्चा तेज है कि वर्षों पहले इसी कुएं से कथित रूप से खजाना मिला था। इसी कड़ी में सूत्रों के अनुसार, बीती कई रातों के अंधेरे में मशीनों की मदद से कुएं के अंदर खजाने की तलाश की गई। बताया जा रहा है कि पूरी कार्रवाई बेहद गोपनीय तरीके से की गई।

# मौसम ने ली करवट, आंधी तूफान गरज के साथ आधे घंटे हुई बरसात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

शुक्रवार को तेज धूप व गर्मी से बेहाल हो रहे लोगों को दोपहर को हुई बारिश ने राहत प्रदान की।हालांकि यह राहत ज्यादा देर की नहीं थी। बारिश के बाद मौसम में ठंडक आ गई जिससे क्षेत्र में गर्मी के चलते लोगों का कुछ राहत का महसूस की गई 30 मिनट तक हुई बारिश का आनंद उठाने के लिए लोग घरों से बाहर निकले। शुक्रवार की दोपहर में आसमान में छाए,बादलों के चलते तेज बारिश से लोगो कोगर्मी से राहत मिल गई। करीब 3 बजे बादल छाने के साथ दिन में अंधेरा सा छा गया, जिसके बाद हुई बारिश ने लोगों के चेहरों पर मुस्कान ला दी। लोग घरों से बाहर निकलकर बारिश का आनंद उठाने लगे। हालांकि यह बारिश ज्यादा देर तक नहीं हुई। आंधी तूफान का कहर ग्राम कोंडा में भी देखने को मिला ग्राम की हनुमान मंदिर परिसर में लगभग 70 से 80 साल वर्ष पुराना इमली का पेड़ तूफान को सह नहीं पाया जो 70 से 80 साल दशक से खडा यह पेड़ ग्राम अपनी ही नाम से पहचाना जाता था ग्रामवासी आशीष साहू ने बताया हनुमान मंदिर परिषद में लगभग 80 साल वर्ष पुराना या पेड़ धूप छांव के लिए जाना जाता था यहां पर बच्चे इसके नीचे खेलते रहते थे गनीमत यह रही या कहे हनुमान जी का आशीर्वाद जो आज है पेड़ गिरा किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा इसके तोनो ओर रहवासी लोग निवास करते हैं और यह पेड़ ऐसा गिरा किसी को नुकसान तक नहीं पहुंचा नहीं तो आज बहुत बड़ी क्षति हो सकती थी।

### साफ सफाई की खुली पोल

पहली बरसात में आंधी तूफान कहर तो देखने मिला साथ ही धरातल पर ग्राम पंचायत की नालियों की सफाई व्यवस्था खराब दिखी जगह-जगह ग्राम में पानी सीसी सड़कों पर भरा दिखा खुद बार्ड के लोग नालियों कि साफ सफाई पानी बरसत में करते दिखे इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि ग्राम में साफ सफाई व्यवस्था बिल्कुल ही ठीक नहीं है।

## आंधी-तूफान का कहरः पेड़ और बिजली के खंभे गिरे

### घंटों बाधित रहा राजघाट-केवलारी मार्ग



**बनवार।** जनपद पंचायत जबेरा अंतर्गत राजघाट-मुडारी-केवलारी सड़क मार्ग पर शुक्रवार दोपहर आए तेज आंधी-तूफान ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। दोपहर करीब 2 बजे अचानक तेज हवाओं के साथ आए तूफान के कारण मार्ग पर दर्जनों पेड़ और लगभग 15 बिजली के खंभे गिर गए, जिससे सड़क पूरी तरह अवरुद्ध हो गई। अचानक हुए इस घटनाक्रम के चलते मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आवागमन घंटों तक ठप रहा। राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज हवाओं के कारण कई बड़े पेड़ जड़ से उखड़कर सड़क पर गिर पड़े, वहीं कई स्थानों पर बिजली के खंभे भी धराशायी हो गए। इससे न केवल यातायात बाधित हुआ, बल्कि क्षेत्र की बिजली व्यवस्था भी प्रभावित हो गई। सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और संबंधित विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। टीम द्वारा मार्ग से गिरे पेड़ों को हटाने और बिजली आपूर्ति बहाल करने का कार्य तत्काल शुरू किया गया। समाचार लिखे जाने तक सड़क को पूरी तरह सुचारू करने के प्रयास जारी थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि हनुमानखेड़ा सेक्टर सहित आसपास के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस पूरे घटनाक्रम में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

## फांसी लगाकर की आत्महत्या

**तेंदूखेड़ा।** तारादेही थाना क्षेत्र के ग्राम चंदना में एक 19 वर्षीय युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम चंदना निवासी अंकित अहिरवाल (19 वर्ष), पिता वीरन अहिरवाल ने अपने घर में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की बड़ी मां गुलाब बाई ने बताया कि अंकित ने रात करीब 9:30 बजे भोजन किया था और इसके बाद सोने चला गया। उस समय घर में कोई अन्य सदस्य मौजूद नहीं था। शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे जब परिजन उसके घर पहुंचे तो अंकित फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही तारादेही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई पूरी कर शव को फंदे से नीचे उतारकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा पहुंचाया। पुलिस ने शव को अस्पताल के शवगृह में रखवाया है। बताया गया है कि मृतक के माता-पिता मजदूरी के सिलसिले में पुणे गए हुए हैं। घटना की सूचना मिलने पर उन्होंने पोस्टमार्टम रोकने का अनुरोध किया और कहा कि उनके तेंदूखेड़ा पहुंचने के बाद ही पोस्टमार्टम कराया जाए। इसके चलते पोस्टमार्टम शनिवार को किया जाएगा। प्रधान आरक्षक देवकरण ने बताया कि मर्ग कायम कर पंचनामा तैयार कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है तथा आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## पुरुषोत्तम मह में कौशलाधीश मंदिर में कथा शिवलिंग निर्माण का आयोजन



**हटा।** नगर के श्री कौशलाधीश (साहू समाज) मंदिर में पुरषोत्तम माह के पावन अवसर पर प्रतिदिन कथा के साथ परमा एकादशी को धार्मिक आस्था और भक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। महिलाओं द्वारा आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भारी सहभागिता रही। पं .शोभित (सोनू ) दुबे पं. जगदीश तिवारी के नेतृत्व में प्रातः काल श्रद्धा-भक्ति भाव से शिवलिंग निर्माण,अभिषेक पूजन किया। प्रसाद वितरण किया गया। शाम को श्री कौशलाधीश श्री लक्ष्मी नारायण और माता कर्मा जी महाआरती के बाद सुंदरकांड का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालुओं सहित स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने धार्मिक आयोजन की सराहना करते हुए ऐसे कार्यक्रमों को सामाजिक एवं सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बताया। विदित हो मंदिर मे विगत 5 वर्षो से महिला मंडल द्वारा सुंदरकांड रामायण का पाठ किया जा रहा है।

## असलाना में रामचरित मानस महायज्ञ का भव्य आयोजन

**दमोह।** जिले की पथरिया तहसील अंतर्गत ग्राम असलाना स्थित श्री श्री 1008 श्री देव बांके बिहारी जी मंदिर असलाना जय जय सरकार अजबदास महाराज जन्मभूमि धाम में 1 जून से 18 जून 2026 तक लोककल्याणार्थ अठारह दिवसीय श्री रामचरितमानस महायज्ञ एवं मानस प्रवचन का भव्य आयोजन संपन्न हो रहा है। कार्यक्रम में महंत श्री रामअनुग्रह दास जी महाराज (छोटे सरकार) के सानिध्य एवं श्री हनाजी अजब्दास महाराज (जय जय सरकार) की कृपा से श्रद्धालुओं को धर्मलाभ प्राप्त हो रहा है। अयोध्या धाम से पधारे संत श्री अशोक दास जी महाराज की मधुर वाणी से रामचरितमानस कथा का सायं काल में प्रवचन चल रहा है जिसमें क्षेत्र के सभी भगवत प्रेमी उपस्थित होकर सत्संग का लाभ प्राप्त कर रहे हैं, इस आयोजन में क्षेत्र के विशिष्ट विद्वान आचार्यों पंडित संतोष प्यासी, पंडित रामेश्वर पिड़हा पंडित दीपक गर्ग, पंडित संजय गर्ग, पंडित नीरज भारद्वाज, पंडित योगेश तिवारी तथा पंडित अनुज गर्ग पंडित श्री तिवारी अपनी धार्मिक सेवाएं एवं वैदिक मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। 11 जून से 18 जून तक प्रतिदिन सायं 5 बजे से मानस प्रवचन तथा शाम 7 बजे से हरि नाम संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है।

## आनंद धाम परिसर में हुआ वृक्षारोपण



सिंग्रामपुर।

दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी द्वारा जबेरा स्थित आनंद धाम परिसर में "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहभागिता की गई। इस दौरान आंवला, जामुन सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में सांसद लोधी ने उपस्थित जनसमूह से अधिक से अधिक पौधारोपण करने की अपील की। उन्होंने कहा कि "हरे-भरे पेड़ ही जीवन का आधार हैं, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी माँ के नाम पर एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तथा पर्यावरण संरक्षण में सहयोग देना चाहिए। इस अवसर पर सिंग्रामपुर रेंजर मनीष पटेल, डिप्टी रेंजर प्रवीण तिवारी, सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन भाईसाहब पटेल, वनरक्षक विनोद कुमार, जय सिंह, बंटी दूबे (मंडल अध्यक्ष जबेरा शहर) सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसी क्रम में विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत सांसद श्री लोधी ने रात्रि विश्राम के बाद सुबह पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश जैन के निवास पहुंचकर चाय-नाश्ता किया तथा उनके परिवारजनों से सौजन्य भेंट कर दमोह के लिए प्रस्थान किया।

## वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जे.पी. खरे सम्मानित



**तेंदूखेड़ा।** दमोह लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद राहुल सिंह लोधी ने गुरुवार को नगर के प्रतिष्ठित एवं वयोवृद 88 बर्षीय वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जे.पी. खरे के निवास पर पहुंचकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर सांसद श्री लोधी ने डॉ. खरे को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके लंबे समय से समाज और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में दिए जा रहे योगदान की सराहना की। ज्ञात होगी डॉक्टर जेपी खरे रिटायर्ड बीएमओ है जिन्होंने करोना काल में भी लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं दी हैं भेंट के दौरान सांसद श्री लोधी एवं डॉ. खरे के बीच आत्मीय संवाद हुआ। इस अवसर पर देश के समग्र विकास, जनकल्याण और वर्तमान राष्ट्रीय परिदृश्य से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। सांसद श्री लोधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल की ऐतिहासिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस अवधि में देश ने आधारभूत संरचना, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, डिजिटल तकनीक, महिला सशक्तिकरण और गरीब कल्याण के क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। साथ ही केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं से समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के प्रयासों पर भी चर्चा हुई।

# 1539 हितग्राहियों की पेंशन हुई पुनः प्रारंभ

### पात्र वृद्धजनों के लिए चला सेवा और आशीर्वाद अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले में पात्र वृद्धजनों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ दिलाने हेतु चलाए गए 'सेवा और आशीर्वाद अभियान' को प्रशासन ने सफलतापूर्वक पूर्ण किया। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा कि 18 मई से प्रारंभ होकर 10 जून तक चले इस विशेष अभियान के अंतर्गत 1564 पात्र हितग्राहियों की पहचान की गई थी, जिनमें से 1539 वृद्धजनों का ई-केवाईसी कार्य पूर्ण कर उनकी बंद पेंशन पुनः चालू कराई गई। कलेक्टर श्री यादव ने कहा जिले में आयोजित रात्रि चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने जानकारी दी कि अनेक वृद्धजन पात्र होने के बावजूद पेंशन से वंचित हैं। ई-केवाईसी नहीं होने के कारण उनकी पेंशन 8 से 9 माह से बंद थी और वे लगातार कार्यालयों के चक्कर लगा रहे थे। उन्होने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए संबंधितो को तत्काल निर्देशित किया कि डाटा विश्लेषण कर ऐसे 1564 हितग्राहियों की सूची तैयार कराई जाये, जो पात्र होने के बावजूद शासन की योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे थे। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए पात्र हितग्राहियों की सूची गाँव-गाँव चस्पा की गई। आधार केंद्र प्रभारियों, जनपद पंचायत के सीईओ, मुख्य नगरपालिका अधिकारियों एवं अन्य संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर विशेष कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। इसमें अभियान के उद्देश्य, प्रक्रिया एवं जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अभियान के दौरान आधार केंद्र प्रभारियों, रोजगार सहायकों, सचिवों एवं वार्ड प्रभारियों की टीमों ने घर-घर जाकर वृद्धजनों का ई-केवाईसी कराया। आधार केंद्र प्रभारी अपने साथ बायोमेट्रिक एवं आइरिस डिवाइस लेकर पहुँचे। वृद्धजनों की सुविधा का विशेष ध्यान रखते हुए पहले उनके हाथ धुलवाए गए, क्रीम लगाई गई और फिर दसों उँगलियों से सफलतापूर्वक ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण की गई। उन्होने कहा शेष हितग्राही वर्तमान में जिले से बाहर हैं। उनके वापस आने पर उनकी भी आवश्यक कार्रवाई पूर्ण कर उन्हें पेंशन योजना का लाभ दिलाया जाएगा। कलेक्टर श्री यादव ने कहा 1539 वृद्धजनों की लंबित पेंशन पुनः चालू कराई गई।



यह वे हितग्राही थे जिनके संबंध में विभागीय पोर्टल पर पंचनामा अपलोड किया गया था कि सभी प्रयासों के बावजूद उनका ई-केवाईसी कार्य पूरा नहीं हो सका। कई वृद्धजन ऐसे थे जिनके पास ई-केवाईसी की फीस देने तक की आर्थिक स्थिति नहीं थी। ऐसी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने निर्णय लिया कि किसी भी वृद्धजन से ई-केवाईसी के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। सभी पात्र हितग्राहियों का ई-केवाईसी पूर्णतः निःशुल्क कराया गया। उन्होंने कहा आधार केंद्र प्रभारियों द्वारा किए गए कार्य का भुगतान एनजीओ के माध्यम से किया जाएगा, ताकि वृद्धजनों पर किसी प्रकार का आर्थिक भार न पड़े। अभियान के दौरान गठित टीमों की लगातार मॉनिटरिंग की गई तथा उन्हें समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने पूरी टीम, संबंधित विभागों और सहयोगी संस्थाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सामूहिक मेहनत और संवेदनशील प्रशासनिक दृष्टिकोण के कारण यह अभियान सफल हो सका।

## 30 फीट गहरे कुएं में गिरी बछिया, किशोरों ने सुरक्षित किया रेस्क्यू



**बनवार।** ग्राम बम्होरी मानगढ़ स्थित छीर मंदिर परिसर में शुक्रवार को एक भावुक कर देने वाली घटना सामने आई। यहां करीब 30 फीट गहरे कुएं में एक गाय की बछिया गिर गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय बजरंग दल के किशोरों ने बिना देर किए साहसिक कदम उठाया और रेस्क्यू अभियान शुरू कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कुएं में पर्याप्त पानी भरा होने के कारण स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण थी। बावजूद इसके, किशोरों ने हिम्मत नहीं हारी और सीधे कुएं में छलांग लगा दी। कुछ किशोर पानी में उतरकर तैरते हुए बछिया तक पहुंचे और उसे रस्सियों से बांधने का प्रयास किया। ऊपर खड़े अन्य साथियों की मदद से बछिया को धीरे-धीरे खींचकर बाहर निकाला गया। कड़ी मशक्कत के बाद बछिया को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। राहत की बात यह रही कि कुएं में पानी अधिक होने के कारण बछिया को कोई गंभीर चोट नहीं आई और वह पूरी तरह सुरक्षित है। इस साहसिक रेस्क्यू अभियान में बजरंग दल के कार्यकर्ता दिनेश ठाकुर, प्रिंस सेन, रामकिशन रैकवार और एहम सेन की विशेष भूमिका रही। सभी ने अपनी जान की परवाह किए बिना कुएं में उतरकर बछिया की जान बचाई। घटना के बाद ग्रामीणों ने किशोरों की बहादुरी की सराहना की और उन्हें धन्यवाद दिया।

## तेंदूखेड़ा में सब्जियों के दाम सातवें आसमान पर, टमाटर 80 रुपये किलो तक पहुंचा

**तेंदूखेड़ा।** नगर में इन दिनों सब्जियों के बढ़ते दामों ने आम लोगों की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। लगातार बढ़ रही महंगाई के बीच सब्जियों की कीमतों में आई तेजी से गृहिणियों और मध्यमवर्गीय परिवारों की चिंता बढ़ गई है। बाजार में अधिकांश सब्जियां ऊंचे दामों पर बिक रही हैं, जिससे लोगों को आवश्यक जरूरतों में कटौती करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। नगर के सब्जी बाजार में टमाटर सबसे महंगा बिक रहा है। वर्तमान में टमाटर का भाव 80 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गया है। इसके अलावा भटा (बैंगन) 40 रुपये प्रति किलो, बरबटी 60 रुपये प्रति किलो, गिलकी 60 रुपये प्रति किलो तथा भिंडी 60 रुपये प्रति किलो के भाव से बिक रही है। वहीं प्याज 30 रुपये और आलू 20 रुपये प्रति किलो लौकी 40 किलो के भाव पर उपलब्ध है। सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों, परिवहन खर्च में वृद्धि और आवक कम होने के कारण सब्जियों के दाम बढ़े हैं। कई सब्जियां बाहरी मंडियों से आ रही हैं, जिससे उनकी लागत बढ़ रही है। इसका सीधा असर खुदरा बाजार पर दिखाई दे रहा है। दूसरी ओर उपभोक्ताओं का कहना है कि सब्जियों की बढ़ती कीमतों ने घर का मासिक बजट गड़बड़ा दिया है। खासकर टमाटर और हरी सब्जियों के दाम बढ़ने से रसोई का खर्च काफी बढ़ गया है। गृहिणियों का कहना है कि पहले जहां कम राशि में कई प्रकार की सब्जियां खरीदी जा सकती थीं, वहीं अब सीमित मात्रा में ही सब्जियां खरीदनी पड़ रही हैं। यदि आने वाले दिनों में सब्जियों की आवक नहीं बढ़ी और कीमतों में कमी नहीं आई, तो आम उपभोक्ताओं की परेशानी और बढ़ सकती है। नगरवासियों को फिलहाल सब्जियों के बढ़े हुए दामों से राहत मिलने की कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही है।

## श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का किया वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

नगर के वार्ड 9 बेसिक स्कूल के पास चल रही संगीत मय श्री मद भागवत कथा में शुक्रवार को कथा वाचक ने श्री कृष्ण की बाल लीलाओं, गोवर्धन पूजन, कालिया नाग मर्दन, और छप्पन भोग के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। भगवान श्री कृष्ण ने अपनी लीलाओं से इंद्र का अभिमान तोड़ा ।कथा वाचक पंडित रामबहोर मिश्रा ने कहा कि भागवत कथा और सत्संग सुनने से व्यक्ति का अध्यात्मक विकास होता है ।

कथा सुनने मात्र से ही मनुष्य का कल्याण हो जाता है ।कथा ज्ञान का वह भंडार है ,जिसके वाचक और सुनने से वातावरण में सिद्धि तो आती ही है साथ ही मन और मस्तिष्क भी स्वच्छ हो जाता है। आस पास के वातावरण की नकारात्मकता दूर होती है घर और समाज में पवित्रता का माहोल बनता है। जो सुख शांति का मुख्य आधार है ।इसे तनाव दूर होते है, और पारिवारिक एवं सामाजिक समरसता बढ़ती है। उन्होंने आगे गोवर्धन लीला का प्रसंग सुनते हुए कहा कि जब बृजवासी इंद्र की पूजा की तैयारी कर रहे थे ।तब भगवान कृष्ण ने उन्हें इंद्र की वजाह गोवर्धन की पूजा करने के प्रेरित किया। इससे क्रोधित होकर इंद्र ने मूशलधार वर्षा प्रारंभ कर दी ,तब भगवान कृष्ण ने अपनी छोटी उंगली पर सात दिनों तक गोवर्धन पर्वत को उठकर बृजवाशियो को सुरक्षित आश्रय प्रदान किया ।कथा के दौरान भगवान श्री कृष्ण की अन्य बाल लीलाओं का भी वर्णन किया गया ।जिसमे यशोदा मैया के साथ उनकी नटखट शरारते ,माखन चोरी की लीलाओं और गोपियों के साथ उनके स्नेह पूर्ण प्रसंग शामिल थे ।उन्होंने आगे कालिया मर्दन का प्रसंग सुनते हुए कहा कि वृंदावन में कालिया नामक एक भयंकर विशेला नाग रहता था जिसके कारण यमुना नदी का जल विषैला हो गया था ग्वालबालो और गायो को बचाने के लिए कान्हा ने कदम के पेड़ से यमुना में छलांग लगा दी तब कालिया नाग ने उन्हें अपने जहरीले फेरो में जकड़ लिया भगवान नाग के फनों पर चढ़ाकर मनमोहक नृत्य करते हैं नृत्य के प्रभाव से कालिया के सारे फैन झक जाते हैं उसके मुंह से खून बहने लगता है तब उसकी पत्नियों ने श्री कृष्ण से अपने पति को छमा दान देने की प्रार्थना करती है भगवान उसको जीवन दान देते हैं और यमुना को छोडकर जाने का आदेश देते हैं कथा के दौरान ठाकुर जी को छप्पन भोग अर्पित किए गए।

उक्त अवसर पर मुख्य यजमान श्री मति पुष्पादाहिया ,एडवोकेट नरेंद्र दाहिया , डॉक्टर नीमल दाहिया , डॉक्टर मेघा, आकांक्षा, सोनम,आशुतोष, एडवोकेट शरद प्यासी, संजय अग्रवाल, गीता अग्रवाल सहित कई लोग शामिल रहे।

## तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर का शुभारंभ

### हितग्राहियों को बांटे गए प्रमाण पत्र और बीज किट



**दमोह।** सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से जनपद पंचायत जबेरा के अंतर्गत ग्राम नोहटा में तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय जनकल्याण शिविर का भव्य शुभारंभ हुआ। इस गरिमामय कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी के अनुज नितेंद्र सिंह लोधी द्वारा किया गया।शिविर के प्रथम दिवस में शासन के विभिन्न प्रमुख विभागों ने अपने स्टाल लगाकर ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान उपस्थित अतिथियों द्वारा पात्र हितग्राहियों को प्रमाण पत्र सौंपे गए। साथ ही, कृषि विभाग जबेरा के विशेष मार्गदर्शन सत्र में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी देते हुए उन्नत किस्म के 'बीज मिनी किट' का निःशुल्क वितरण किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि शिविर में आने वाले नागरिकों की समस्याओं का त्वरित और सकारात्मक निराकरण किया जाए। इसके साथ ही, सोशल मीडिया के माध्यम से शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा गया ताकि क्षेत्र के अधिक से अधिक लोग इस जनोपयोगी शिविर का लाभ उठा सकें।इस कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन आजीविका मिशन के प्रबंधक धर्मेंद्र मिश्रा द्वारा किया गया। शिविर में मुख्य रूप से जनपद पंचायत सीईओ डॉ रामेश्वर पटेल,नोहटा सरपंच सोनम यादव, मंडल अध्यक्ष सत्यपाल सिंह लोधी, जिला उपाध्यक्ष सुमन उपाध्याय उपसरपंच मुन्नालाल राय, संदीप यादव एवं मंडल उपाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी और ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## बाल श्रम निषेध दिवस पर कार्यशाला का आयोजन



**दमोह।** दमोह जिला कलेक्टर कार्यालय के जनसुनवाई दक्ष में श्रम विभाग और संकल्प समाज सेवी संस्था ने संयुक्त रूप से बाल श्रम और बाल विवाह मुक्त भारत पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस दौरान उपस्थित विषय विशेषज्ञों ने बाल श्रम और उससे जुड़े हुए कानून पर विस्तार से प्रकाश डाला उन्होंने बताया कि किस-किस कैटेगरी में बाल श्रम को रखा जा सकता है और किस तरह के कानूनी प्रावधानों के तहत कार्यवाहियां की जाती है यहां पर मौजूद वक्ताओं द्वारा उपस्थित लोगों को ऐसे बालकों के रेस्क्यू के लिए प्रेरित किया जो बाल श्रम में लिप्त है। वहीं शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया कि किस तरह से बाल श्रम पर लगाम लगाई जा सके। वही इस कार्यक्रम के आयोजक संकल्प समाजसेवी संस्था के देवेंद्र दुबे ने भी अपनी संस्था द्वारा किए गए। कार्यो को बताया कार्यक्रम में इस दौरान बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष दीपक तिवारी महिला एवं बाल विकास विभाग सहायक संचालक संजीव मिश्रा,श्रम अधिकारी सुश्री आशा सहित विषय विशेषज्ञ मौजूद रहे जिन्होंने अपने-अपने विचार यहां पर रखें। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य रजनी ठाकुर, महिला समाजसेवी संगीता श्रीधर, बाल कल्याण समिति सदस्य रश्मि वर्मा भारत विकास परिषद से श्रीमती किरण गोस्वामी, समाज सेवी सुजात खान पुलिस विभाग टी ई अमित मिश्रा कदम संस्था से दीपक सेन, एल इन वैष्णो मनीष सोनी विनय असटी धीरज अहिरवार, संजय शर्मा, सौरभ पोराणिक, जाशिद खान मनोज रजक रोशन प्रजापति मौजूद रहे उपस्थित लोगों द्वारा इस विषय पर अपने-अपने वक्तव्य दिए गए, वहीं कार्यक्रम के अंत में बाल विवाह मुक्त जिला बनाने की शपथ उपस्थित लोगों द्वारा ली गई. कार्यक्रम का सफल संचालन समाज से भी खुशबू तिवारी द्वारा किया गया।

**खास बातें**

## सफाई कर्मचारियों की मांग को लेकर 18 को धरना प्रदर्शन

**दमोह**। जिले के सफाई कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित विभिन्न मांगों को पूरा करने की मांग को लेकर दिनांक 18.06.2026 को दमोह नगरपालिका के सामने 1 दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जावेगा। जिला सफाई कामगार प्रकोष्ठ दमोह के अध्यक्ष राजकुमार कछवाहा ने बताया कि सफाई कर्मचारियों को प्रतिमाह 1 से 7 तारीख के बीच नियमित वेतन भुगतान, नियमित, विनियमित, दैनिक वेतनभोगी, सफाई कर्मचारियों के करियर्स की राशि का एक किशत में भुगतान, श्रम विभाग द्वारा समय समय पर की गई वेतन वृद्धि, ई.पी.एफ. राशि की कटौती प्रदान करने, कर्मचारियों की भर्ती करने, पेंशन सभा कराया गया परंतु इस पर कोई कार्यवाही न होने से कर्मचारियों में आक्रोश है जिसको लेकर एकदिवसीय धरना कर शासन के नाम मुख्यनगरपालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा जिसमें जिले के समस्त कर्मचारियों से उपस्थिति की अपील की गई हैं।

## श्री बदरीनाथ धाम में कथा करेंगे स्वामी अनंतचार्य

**दमोह/रनेह**। उत्तराखंड स्थित पवित्र श्री बदरीनाथ धाम में आज से श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ हो रहा है। यह दिव्य कथा श्रीमज्जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी अनंताचार्य जी महाराज, महाकाली पीठ रनेह (जिला दमोह) के श्रीमुख से श्रद्धालुओं को श्रवण कराई जाएगी। भगवान श्री बद्रीविशाल की पावन भूमि पर आयोजित इस आध्यात्मिक महोत्सव में देश के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु एवं भक्तजन कथा श्रवण कर धर्म, भक्ति एवं ज्ञान का लाभ प्राप्त करेंगे। स्वामी अनंताचार्य जी महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण मानव जीवन को भगवान की भक्ति, सदाचार एवं मोक्ष मार्ग की प्रेरणा प्रदान करता है।

## उपभोक्ताओं को गैस रिफिल वितरण में न हो परेशानी- कलेक्टर

**दमोह**। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत जिले की सभी गैस एजेंसियों को उपभोक्ताओं के हित में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। उद्देश्य यह है कि उपभोक्ताओं को गैस रिफिल की बुकिंग एवं होम डिलेवरी के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। जारी आदेशानुसार होम डिलेवरी के समय हॉकर्स द्वारा किसी भी प्रकार की अतिरिक्त राशि की मांग न की जाए। ऑनलाइन बुकिंग के उपरांत ही उपभोक्ताओं को गैस रिफिल प्रदान किया जाए। होम डिलेवरी के समय उपभोक्ताओं को कम्प्यूटराइज्ड रसीद उपलब्ध कराई जाए। केवल पात्र एवं पंजीकृत उपभोक्ताओं को ही गैस सिलेण्डर प्रदान किए जाएं। अनाधिकृत स्थलों पर सिलेण्डरों का भंडारण एवं विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उपभोक्ताओं को ऑनलाइन बुकिंग एवं समस्त प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद ही रिफिल उपलब्ध कराया जाए। बिना बुकिंग किसी भी उपभोक्ता को गैस रिफिल प्रदाय नहीं किया जाए। गैस एजेंसियों को उपभोक्ताओं की समस्याओं जैसे ई-केवाईसी (E-KYC), मोबाइल नंबर परिवर्तन एवं अन्य संबंधित समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### तेजगढ़ झलौन मार्ग पर हुआ दर्दनाक हादसा, घटना के बाद अज्ञात वाहन की हो रही तलाश

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से मां-बेटे की मौत, 10 वर्षीय बच्ची गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ झलौन

तेजगढ़ थाना क्षेत्र के झलौन-तेजगढ़ मार्ग पर गुरुवार रात हुए भीषण सड़क हादसे में मां-बेटे की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक 10 वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल है। घायल बच्ची का उपचार मेडिकल कॉलेज जबलपुर में जारी है।जानकारी के अनुसार पुरा गांव निवासी संतोष सेन (30) अपनी मां संतोषरानी बाई सेन (60) एवं 10 वर्षीय बच्ची मानूवी के साथ झलौन से दवा और घरेलू सामान खरीदकर बाइक से वापस लौट रहे थे। रात करीब 9 बजे बासापुरा के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात कार ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार चालक वाहन सहित फरार हो गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घायल काफी देर तक सड़क किनारे पड़े रहे। इसी दौरान तेंदूखेड़ा जनपद पंचायत अध्यक्ष तुलाराम यादव वहां से गुजर रहे थे। उन्होंने मानवता का परिचय देते हुए अपनी निजी कार से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया तथा पुलिस को सूचना दी।प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में पाटन-उड़ना के बीच संतोष सेन और उनकी मां संतोषरानी बाई ने दम तोड़ दिया। मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। वहीं मानूवी की हालत गंभीर बनी हुई है।शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। दोपहर में पुरा गांव में मां-बेटे का अंतिम संस्कार किया गया। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है।सूत्रों के अनुसार हादसे में शामिल कार की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि वाहन का एक टायर पंचर होने के कारण वह कुछ सीसीटीवी कैमरों में कैद हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।तेजगढ़ थाना प्रभारी अरविंद सिंह ठाकुर ने बताया कि अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है तथा पूरे मामले की जांच जारी है। जल्द ही आरोपी वाहन चालक का पता लगाने का प्रयास किया जाएगा।

### मां-बेटे का हुआ अंतिम संस्कार, हर आंख हुई नम

दोपहर में जैसे ही मां और बेटे के शव गांव पहुंचे, पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। शवों के गांव पहुंचते ही बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए और अंतिम संस्कार में शामिल हुए। अंतिम यात्रा में मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम थीं। ग्रामीणों की जुबान पर एक ही बात थी कि यदि समय रहते उचित इलाज मिल जाता और अधिक रक्तस्राव नहीं हुआ होता, तो आज मां और बेटा दोनों जीवित होते।

गांव में शव पहुंचते ही परिजनों और ग्रामीणों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मां और बेटे का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें पूरे गांव के लोगों ने भाग लिया। अंतिम संस्कार के दौरान माहौल बेहद गमगीन रहा।

## अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौके पर मौत



**सिंग्रामपुर**। दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे पर शुक्रवार दोपहर एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया, जहां तेज रफ्तार अज्ञात वाहन काल बनकर दौड़ा और एक युवक की जिंदगी लील गया। सिंग्रामपुर के घने जंगलों के बीच हुई इस भीषण टक्कर में मोटरसाइकिल सवार 23 वर्षीय युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिंग्रामपुर निवासी 23 वर्षीय राज सोनकर (पिता उत्तम सोनकर) शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे किसी निजी कार्य से मोटरसाइकिल पर सवार होकर दमोह की ओर जा रहा था। जैसे ही उसकी बाइक सिंग्रामपुर के जंगल क्षेत्र से गुजर रही थी, तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि राज का सिर सीधे वाहन की चपेट में आ गया। गंभीर सिर चोट लगने से युवक ने घटनास्थल पर ही तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया।

हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। जंगल मार्ग से गुजर रहे राहगीरों ने सड़क पर पड़ी क्षतिग्रस्त बाइक और लहूलुहान युवक को देखकर तुरंत पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही जबेरा थाना पुलिस हरकत में आई और प्रधान आरक्षक सतीश नामदेव व प्रेम बैरागी पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मृतक की पहचान उसके पास मिले दस्तावेजों के आधार पर की और परिजनों को सूचित किया।

पुलिस ने राहगीरों की मदद से शव को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जबेरा पहुंचाया, जहां पंचनामा कार्रवाई के बाद डॉक्टरों द्वारा पोस्टमार्टम किया गया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

जैसे ही हादसे की खबर सिंग्रामपुर गांव पहुंची, पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जवान बेटे की असमय मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है।

फिलहाल जबेरा थाना पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और ढाबों के फुटेज खंगाल रही है, ताकि फरार वाहन और चालक की पहचान कर उसे जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

## हत्या प्रकरण में दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कोतवाली पुलिस ने हत्या के एक प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 9 जून 2026 की रात जिला अस्पताल दमोह में घायल अवस्था में भर्ती कमलेश अहिरवार (28 वर्ष) निवासी बड़ापुरा की एमएलसी जांच के बाद मोहन अहिरवार (40 वर्ष) एवं लखन अहिरवार (44 वर्ष) निवासी बड़ापुरा के विरुद्ध अपराध क्रमांक 555/2026, धारा 109(1), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। उपचार के दौरान 10 जून को मेडिकल कॉलेज जबलपुर में कमलेश की मृत्यु हो गई। मर्ग डायरी प्राप्त होने पर प्रकरण में धारा 103(1) बीएनएस की वृद्धि की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए आरोपी मोहन पिता गुल्ले अहिरवार (40 वर्ष) एवं लखन पिता मोतीलाल अहिरवार (44 वर्ष), दोनों निवासी बड़ापुरा, को 11 जून 2026 को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों को 12 जून 2026 को न्यायालय में पेश किया गया। कार्रवाई में निरीक्षक मनीष कुमार, उपनिरीक्षक वंदना गौर, सउनि राकेश पाठक, प्रधान आरक्षक महेश यादव, अजित दुबे, सौरभ टंडन, राकेश अवस्थी तथा आरक्षक नरेंद्र पटेरिया, ब्रजेन्द्र मिश्रा, विक्रम राठौर, जितेन्द्र प्रजापति एवं रतीराम अहिरवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## फरार इनामी आरोपी गिरफ्तार

**दमोह**। जिले में फरार इनामी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना दमोह देहात पुलिस ने एक फरार इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक ए.आर. पांडे के मार्गदर्शन में चौकी नरसिंहगढ़ प्रभारी उपनिरीक्षक रोहित द्विवेदी एवं उनकी टीम ने थाना दमोह देहात के अपराध क्रमांक 240/26, धारा 109(1), 126(2), 296, 115(2), 3(5) बीएनएस एवं 25/27 आर्म्स एक्ट के मामले में फरार चल रहे इनामी आरोपी कमलेश उर्फ भदू आदिवासी निवासी हदवानी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायालय के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रोहित द्विवेदी, प्रधान आरक्षक वीरेंद्र प्रधान, प्रधान आरक्षक राधेश्याम, प्रधान आरक्षक प्रकाशचंद्र, आरक्षक निलेश, आरक्षक राहुल राजपूत एवं आरक्षक जितेंद्र पटेल की सराहनीय भूमिका रही।

## संघर्ष के आगे झुका प्रशासन, 9 लाख सहायता राशि का आश्वासन

### आंदोलन फिलहाल स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

ग्राम शिवपुर निवासी बिजली विभाग के आउटसोर्स कर्मचारी स्वर्गीय ओमकार कुशवाहा की करंट लगने से हुई मृत्यु के मामले में सम्राट अशोक क्रांति सेना एवं समाजवादी पार्टी द्वारा प्रस्तावित आंदोलन के बाद प्रशासन ने पीड़ित परिवार को सात दिनों के भीतर 9 लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। इसके बाद 12 जून को प्रस्तावित कलेक्ट्रेट घेराव और जनआंदोलन को फिलहाल सात दिनों के लिए स्थगित कर दिया गया है।सम्राट अशोक क्रांति सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं समाजवादी पार्टी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष योगेंद्र कुशवाहा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना रनेह प्रभारी एवं बिजली विभाग के अधिकारियों ने मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता देने तथा अन्य मांगों पर कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। पीड़ित परिवार की सहमति के बाद आंदोलन स्थगित किया गया है।प्रेस वार्ता में योगेंद्र कुशवाहा ने कहा कि किसी व्यक्ति के जीवन का मूल्य केवल 9 लाख रुपये नहीं हो सकता। उन्होंने मृतक के परिवार को 50 लाख रुपये मुआवजा, एक सदस्य को सरकारी नौकरी तथा घटना के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग दोहराई।उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सात दिनों के भीतर घोषित सहायता राशि नहीं दी गई और अन्य मांगों पर ठोस निर्णय नहीं हुआ, तो संगठन एवं समाजवादी पार्टी जिले में व्यापक आंदोलन, प्रदर्शन और चक्काजाम करने के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि आंदोलन केवल स्थगित किया गया है, समाप्त नहीं। जब तक पीड़ित परिवार को पूर्ण न्याय नहीं मिलेगा, संघर्ष जारी रहेगा।

## जनकल्याण शिविर में राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने सुनीं जनसमस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रदेशभर में 12 से 18 जून तक आयोजित किए जा रहे जनकल्याण शिविरों के तहत नगर तेंदूखेड़ा के जनपद पंचायत सभागार में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रदेश के पर्यटन, संस्कृति एवं धार्मिक न्यास तथा धर्मस्व (स्वतंत्र प्रभार) राज्य मंत्री एवं जबेरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे भी उपस्थित रहे इस जनकल्याण शिविर की प्रभारी श्रीमती अनीता सिंह पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रही इस अवसर पर श्री लोधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले प्रधानमंत्रियों में शामिल हो गए हैं और केंद्र व प्रदेश सरकार जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसी उद्देश्य से जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और उन्हें एक ही स्थान पर विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनकल्याण शिविरों की जानकारी प्रत्येक ग्राम पंचायत तक पहुंचाई जाए, जिससे अधिक से अधिक लोग शिविरों से जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि शिविर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को गंभीरता से सुना जाए और उसका त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

राज्य मंत्री श्री लोधी ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों, महिलाओं, युवाओं एवं गरीब वर्ग के हित में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। यह सुनिश्चित किया जाए कि शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे और कोई भी हितग्राही किसी योजना से वंचित न रहे। शिविर के दौरान एसडीएम को मंत्री जी ने निर्देश दिए कितने राजस्व प्रकरण रजिस्टर्ड हैं, कितने राजस्व प्रकरणो का निराकरण किया गया है एवं कितने राजस्व प्रकरण लंबित हैं इसकी जानकारी तीन दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में जमा की जाए । नगर तेंदूखेड़ा में यह शिविर 12, 13 एवं 15 जून को आयोजित किया जा रहा है, जहां विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर आमजन को योजनाओं की जानकारी देने एवं उनकी समस्याओं का निराकरण करने का कार्य कर रहे हैं। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन ,सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह लोधी नगर परिषद उपाध्यक्ष लक्ष्मी नामदेव डॉक्टर परम सिंह ,शहर एसडीएम सीजी गोस्वामी ,जनपद सीईओ मनीष बागरी, तहसीलदार विवेक व्यास, बीईओ नितेश पांडे शहर नागरिक एवं विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जयंत मलैया ने प्रबुद्धजनों से भेंट कर किया संवाद



**दमोह**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के सेवा, सुशासन एवं गरीब उत्थान, विकसित भारत संकल्प के तहत चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत मलैया ने दमोह विधानसभा के अभाना मंडल में प्रबुद्धजनों से संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के सेवा, सुशासन एवं जन कल्याणकारी कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रबुद्ध वर्ग के विभिन्न व्यक्तियों डॉ. राम सिंह ठाकुर (डॉक्टर), प्रहलाद खरे ठेकेदार), चंदन सिंह (दिव्यांग खिलाड़ी), पंडा जी (सर्पदंश विशेषज्ञ), जे.पी. साहू (सेवानिवृत्त शिक्षक), प्रहलाद सिंह (किसान), चित्तर सेन (हाथ-पैर सुधार विशेषज्ञ) एवं गंधर्व सिंह सहित अन्य गणमान्य नागरिकों से भेंट कर संवाद एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला मंत्री भरत यादव, मंडल अध्यक्ष दान सिंह लोधी, पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय लोधी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जनसंपर्क अभियान के तहत सभी प्रबुद्धजनों ने सरकार की नीतियों एवं योजनाओं पर अपने विचार साझा किए तथा विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने में सहभागिता का आश्वासन दिया।

## चना एवं मसूर उपार्जन का भुगतान शीघ्र कराने कलेक्टर ने लिखा पत्र

**दमोह**। रबी वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) अंतर्गत **PM-AASHA** की **PRICE SUPPORT SCHEME** (**PSS**) योजना के तहत जिले में रबी फसल चना एवं मसूर का उपार्जन कार्य 30 मार्च से 28 मई 2026 तक संपन्न कराया गया। कलेक्टर श्री यादव ने प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य विपणन संघ मर्यादित को पत्र प्रेषित कर अवगत कराया है कि ई-उपार्जन पोर्टल से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार जिले के किसानों को उपार्जित चना एवं मसूर की राशि का केवल 44.79 प्रतिशत भुगतान ही प्राप्त हुआ है। उन्होने बताया कि किसानों द्वारा भुगतान लंबित होने संबंधी शिकायतें लगातार सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई एवं विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से दर्ज कराई जा रही हैं। किसानों की समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने स्वीकृत उपार्जन मात्रा के अनुसार शत-प्रतिशत किसानों को शीघ्र भुगतान सुनिश्चित कराने का आग्रह किया है।

## रोजगार के नाम पर बेरोजगारों के साथ मजाक

### रोजगार मेला में किसी को नहीं मिला रोजगार

**जबेरा**। जबेरा नगर में शुक्रवार को क्षेत्र के बेरोजगार युवकों के साथ भद्दा मजाक किया गया । एक तरफ शासन के द्वारा बेरोजगार युवाओं को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से रोजगार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने के प्रयास का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। किंतु जिम्मेदार अपनी उदासीनता एवं लापरवाही पूर्ण रवैया के चलते शासन की इस मंशा को पलीता लगाने पर तुले हुए हैं जिससे जरूरतमंद योजनाओं के लाभ से वंचित हो रहे हैं। इसी तरह का मामला जबेरा में शुक्रवार को आजीविका मिशन द्वारा आयोजित रोजगार मेला में देखने को मिला। मध्य प्रदेश राज्य डे ग्रामीण आजीविका मिशन दमोह के निर्देशन में आजीविका मिशन जबेरा द्वारा शुक्रवार को रोजगार मेला का आयोजन किया गया। किंतु विभागीय लापरवाही एवं उदासीनता के चलते रोजगार मेले में गिने चुने युवाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और उन्हें भी बिना चाय पानी के दिन भर बैठने के बाद भी रोजगार नसीब नहीं हुआ। जिससे युवाओं को काफी हताश और निराश होकर वापिस लौटना पड़ा। रोजगार मेले में रोजगार पाने के उद्देश्य से आजीविका मिशन जबेरा पहुंचे युवा अंजुल कुमार खटीक निवासी कुसमी करिया खेड़ा एवं प्रमोद कुमार पटेल निवासी बिछिया ने बताया कि हम रोजगार पाने के उद्देश्य से दिए गए पते आजीविका मिशन जबेरा में दोपहर 11 बजे से शाम 4: बजे तक रोजगार पाने की आशा में बैठे रहे। किंतु वहां ना रोजगार देने वाली कंपनी मौजूद थी और ना ही कोई जिम्मेदार कर्मचारी जो हम युवाओं को मोटिवेट कर सके। युवाओं ने बताया कि इस दौरान हमें चाय पानी तक नसीब नहीं हुआ। युवाओं का कहना था कि रोजगार मेले का आयोजन करने वालों के पास इतना भी बजट नहीं कि हम बेरोजगार युवाओं को बुलाने पर चाय पानी करा सकें। रोजगार मेले के नाम पर हमारे साथ मजाक किया गया जिससे हमें दिन भर परेशान होना पड़ा।

## अपराध समीक्षा बैठक में एसपी आनंद कलादगि ने दिए सख्त निर्देश, लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण पर जोर

**दमोह**। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (आईपीएस) ने शुक्रवार को पुलिस कंट्रोल रूम दमोह में जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली। बैठक में लंबित अपराध, मर्ग, शिकायतों तथा गुमशुदगी संबंधी प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान एसपी श्री कलादगि ने थाना प्रभारियों से लंबित मामलों की प्रगति की जानकारी ली और गुणवत्तापूर्ण विवेचना के साथ आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने लंबित मर्ग प्रकरणों एवं शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश भी दिए। एसपी ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के त्वरित निराकरण, सीसीटीएनएस सॉफ्टवेयर में नियमित कार्य, तकनीकी संसाधनों के अधिकतम उपयोग तथा मामलों की सतत मॉनिटरिंग पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि आमजन की शिकायतों का संवेदनशीलता और प्राथमिकता के साथ निराकरण किया जाए, जिससे पुलिस के प्रति जनता का विश्वास और मजबूत हो। बैठक में अपराध नियंत्रण, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी, स्थायी एवं गिरफ्तारी वारंटों की तामीली, निगरानी बदमाशों पर कार्रवाई, राहवीर योजना तथा कानून-व्यवस्था की समीक्षा की गई। थाना प्रभारियों को गंभीर अपराधों में तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करने तथा नियमित रात्रि गश्त सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध हथियार रखने वालों एवं अन्य असामाजिक तत्वों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया, समस्त अनुविभागीय पुलिस अधिकारी तथा जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

## संगठन ने पकड़वाई 1200 पेटी अवैध शराब

**दमोह**। नशा विरोधी जन आंदोलन के तहत भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के संयुक्त तत्वाधान में दमोह जिले से जहां पर आज भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा एक बड़ी कार्यवाही



को अंजाम दिया गया जिसमें दमोह देहात थाना के अंतर्गत एक 12 चक्का ट्रक एम.पी. 07 एचबी. 5439 से अंग्रेजी ब्रांड की 1200 पेटी अवैध शराब जब्त कराई आपको बता दे आपको बता दे 12 तारीख की दरम्यानी रात लगभग 1:30 बजे जब भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं को बटियागढ़. की ओर से आ रहे एक 12 चक्का ट्रक पर संदेह हुआ तो संगठन के कार्यकर्ताओं ने उसका पीछा किया दमोह स्थित हटा नाका पर ट्रक को घेराबंदी करके रोका गया जिसकी चेकिंग की गई जिसमें पाया गया की उसमे बड़ी मात्र में अवैध शराब राखी हुई है। संगठन के कार्यकर्ताओं ने तत्काल ही दमोह देहात थाना प्रभारी को सूचना दी दमोह देहात थाना प्रभारी ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर बल भेजकर अवैध शराब को अपने कब्जे में लिया दमोह देहात थाना पुलिस के द्वारा जब ट्रक चालक से पूछा गया कि यह शराब कहां ले जा रहे थे तो उसने बताया कि यह शराब ग्वालियर से जबलपुर के लिए ले जा रहे थे जिसका परमिट पूर्ण रूप से एक्सपायर हो चुका था जिस पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए एक आरोपी के खिलाफ 39 सी आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है आगे पूछताछ जारी है और तथ्य पाए जाने पर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

**इस्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्री अंकित असाटी पिता श्री छोटेलाल असाटी वार्ड क्रमांक. 06 ग्राम पटेरा का निवासी है। आवेदक द्वारा भूमि क्रमांक / भवन क्र. 140 का हस्तातरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज किये गये है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक / भवन क्र. 140 वार्ड क्रमांक 06 श्री गुडडू असाटी पिता श्री लल्लू असाटी का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन / प्लाट के हस्तातरण में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह अपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है। म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नही की जावेगी दिनांक 12/06/26 को 15 दिवसीय इस्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद पटेरा जिला दमोह (म.प्र.)**